समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 08 September 2026

# राष्ट्रीय ध्वज अंगीकरण दिवस पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का संदेश, तिरंगे के सम्मान और राष्ट्रसेवा का लिया संकल्प

राजेश चौधरी

Published on 22 Jul 2026




राष्ट्रीय ध्वज अंगीकरण दिवस के अवसर पर राजस्थान के मुख्यमंत्री **भजनलाल शर्मा** ने प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उन्होंने इस अवसर पर देश के राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के सम्मान, राष्ट्र की एकता, अखंडता और स्वाभिमान की रक्षा के लिए समर्पित रहने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि भारत का तिरंगा केवल एक राष्ट्रीय ध्वज नहीं, बल्कि देश की आजादी, त्याग, बलिदान और करोड़ों भारतीयों की आकांक्षाओं का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने कहा कि तिरंगा हर भारतीय के लिए गर्व, सम्मान और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा का स्रोत है।

श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज हमें राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने, संविधान के मूल्यों का सम्मान करने और देश की एकता एवं अखंडता को मजबूत बनाए रखने की प्रेरणा देता है। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे तिरंगे के सम्मान की रक्षा करने तथा राष्ट्रसेवा और अपने कर्तव्यों के प्रति पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज अंगीकरण दिवस हमें उन महान स्वतंत्रता सेनानियों और देशभक्तों के त्याग एवं बलिदान की याद दिलाता है, जिनके संघर्ष के कारण आज भारत विश्व में एक सशक्त और गौरवशाली राष्ट्र के रूप में स्थापित है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करे और राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाए।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रदेशवासी राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए देश की प्रगति, सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता को मजबूत बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते रहेंगे।

मुख्यमंत्री ने अपने संदेश के अंत में एक बार फिर सभी नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज अंगीकरण दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आइए, हम सभी तिरंगे की गरिमा बनाए रखने और भारत को विकसित एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने के संकल्प को और अधिक

मजबूत करें।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/राजेश चौधरी, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.